तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 24 मार्च 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 नए शिक्षा सत्र से भकुरा परिसर में संचालित होगा एसजीजीयू का प्रशासनिक भवन






## मरीजों की संख्या में लगातार हो रहा इजाफा

# ड्रग रेसिस्टेंट टीबी ने बढ़ाई चिकित्सकों की चिंता, मौत का प्रतिशत सामान्य से अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ड्रग रेसिस्टेंट टीबी ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। सरगुजा में भी अब बड़ी संख्या में ऐसे मरीज सामने आ रहे है जिनपर सामान्य दवाओं का असर नहीं हो रहा है। टीबी पहले से ही एक घातक व जानलेवा बीमारी है और इसके साथ ही अब ड्रग रेसिस्टेंट टीबी में इजाफा चिंताजनक है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है और उन्हें खखार जांच के बाद ही दवाओं का सेवन करने की सलाह दी जा रही है क्यों कि जांच में इस बात का पता चल पाता है कि मरीज पर कौन सी दवा का असर हो रहा है और कौन सी दवा असर नहीं कर पा रही है। टीबी के घातक बिमारी है और बड़ी संख्या में लोगों की मौत टीबी के कारण होती है। ऐसे में विश्व क्षयरोग दिवस पर इस घातक बीमारी से बचाव व उपचार को लेकर हरिभूमि ने क्षय विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता से बात की। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की बात की जाए तो प्रदेश में 1 लाख की आबादी में 190 टीबी के मरीज सामने आ रहे है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 1 लाख आबादी में 160 ही है। हालांकि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे जांच अभियान के कारण बड़ी संख्या में टीबी के मरीज सामने आए है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि टीबी एक जानलेवा बीमारी है लेकिन इसमें भी अब म्यूटेशन हो रहा है और दवाओं का असर कम हो रहा है। सरगुजा में भी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के मरीज बड़ी संख्या में सामने आ रहे है जो चिंता जनक है। वर्ष 2023 में सीबी नॉट व ट्रू नॉट मशीन की सहायता से 4928 मरीजों की बलगम जांच की गई और इनमें से 547 मरीज बलगम पॉजिटिव आए और इनमें से 24 ड्रग रेसिस्टेंट पाए गए जबकि वर्ष 2024 में अब तक 1295 मरीजों के बलगम की जांच की गई और इनमें से 88 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और 5 मरीजों की रिपोर्ट ड्रग रेसिस्टेंट पाई गई है। सामान्य टीबी में मरीज को छह माह तक दवाओं का सेवन करना पड़ता है लेकिन ड्रग रेसिस्टेंट टीबी में मरीज को 9 से 18 माह तक दवाओं का सेवन करना पड़ता है।

**खास बात**
- पहचान व उपचार के लिए चलाया जा रहा अभियान

विश्व क्षयरोग दिवस

### कोरोना के बाद मरीजों में इजाफा

कोरोना संक्रमण काल के बाद टीबी के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। चिकित्सकों के अनुसार कोरोना काल के दौरान लोगों के फेफड़े इन्फेक्टेड हुए है और उनकी इम्युनिटी डाउन हुई है। ऐसे में मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। वहीं सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल से बड़ी संख्या में 20 से 45 साल के युवा मजदूरी व काम के सिलसिले में दूसरे शहरों में जाते है और सात-आठ माह तक बाहर रहते है। मैनपाट में भी तिब्बती युवा ज्यादातर बाहर रहते है और जब वे वापस लौटते है तो टीबी से संक्रमित होते है लेकिन उनके बहार रहने के कारण जांच व उपचार सही ढंग से नहीं हो पा रहा है जो स्वास्थ्य विभाग के लिए एक चुनौती बनी हुई है।

#### एक मरीज से 12 से 20 मरीज तक संक्रमित

चिकित्सकों के अनुसार लोगों में गलत धारणा बन गई है कि हर टीबी मरीज से यह बीमारी फैलती है जबकि ऐसा नहीं है। जिन मरीजों की बलगम जांच पॉजिटिव आई है वो ही संक्रमण फैलाते है। इनमें भी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के मरीज ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को फैला रहे है। वर्तमान में भी सरगुजा जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना शहरी क्षेत्रों में टीबी के मरीज सर्वाधिक संख्या में सामने आए है। इसका कारण यही है कि शहरी क्षेत्रों में गांव की तुलना में घनत्व अधिक है ज्यादातर लोग सम्पर्क में आकर संक्रमित हो रहे है। अगर एक मरीज का स्पुटम पॉजिटिव है तो वह एक वर्ष में 12 से लेकर 20 मरीजों को संक्रमित कर सकता है और क्यों कि यह सामान्य रूप से हवा से फैलने वाली बीमारी है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल जाती है।

#### जांच के बाद ही दवा सेवन की सलाह

चिकित्सकों का कहना है कि आम तौर पर लोग सामान्य टीबी से ग्रसित होते है लेकिन वे लम्बे समय तक अपनी बीमारी को छिपाकर रखते है या फिर बलगम जांच कराए बिना ही दवा का सेवन करते है। कई बार मरीज बीच में ही दवा खाना छोड़ देते है और दवाओं का कोर्स पूर्ण नहीं होने के कारण टीबी के स्वरुप में परिवर्तन हो जाता है और सामान्य दवाओं का उसपर असर नहीं होता है। यही वजह है कि वर्तमान में चिकित्सक बलगम जांच के साथ ही यह भी जांच करते है कि मरीज पर कौन सी दवा कारगर होगी और उसी के आधार पर दवा का निर्धारण कर उपचार किया जाता है। यह देखा गया है कि सामान्य टीबी से यदि 100 लोग ग्रसित होते है तो उनमें से 3 से 4 लोगों की ही मौत होगी लेकिन ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के 100 मरीजों में मौत का प्रतिशत 6 से 12 प्रतिशत तक है।

#### जांच के बाद ही लें दवा



टीबी एक जानलेवा बीमारी है लेकिन समुचित उपचार के साथ इससे छुटकारा मिल सकता है। मरीजों को बलगम जांच के बाद ही कारगर दवाओं के सेवन की सलाह दी जाती है। सामान्य टीबी की तुलना में ड्रग रेसिस्टेंट टीबी में मरीजों को अधिक समय तक दवाई लेनी पड़ती है। सरगुजा में टीबी को लेकर विशेष अभियान चलाया गया है और मरीजों की जांच व उपचार पूर्णतः निःशुल्क है।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, नोडल अधिकार



# 62 लाख रुपए गबन के मामले में पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फाइनेंस कम्पनी में काम करते हुए पूर्व ब्रांच मैनेजर व सहायक शाखा प्रबंधक द्वारा 62 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी की शिकायत के बाद आरोपी ब्रांच मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। आज इस मामले का खुलासा पुलिस ने किया है। बताया जा रहा है कि जिले में आरोहरण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड संचालित है। इस फाइनेंस कंपनी द्वारा स्व. सहायता समूह को भी लोन देने का काम किया जाता है। कंपनी के ब्रांच मैनेजर जांजगीर चांपा मालखरौदा पिहरिद निवासी हीरादास मानिकपुरी आ. बृक्षदास मानिकपुरी ने मणीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कंपनी के पूर्व ब्रांच मैनेजर अक्षय कुमार टंडन व पूर्व सहायक शाखा प्रबंधक लक्ष्मण यादव द्वारा अपने पद में रहते हुए 1 अगस्त 2023 से 26 जनवरी 2024 के बीच 54 लाख 18 हजार 279 रुपए नगद व 8 लाख रुपए केवाईसी के माध्यम से हेराफेरी कर गबन किया गया है। गबन करने वाले पूर्व ब्रांच मैनेजर अक्षय कुमार टंडन को निलंबित कर दिया गया है। ब्रांच मैनेजर की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपियों द्वारा पद पर रहते हुए स्व. सहायता समूह को ऋण के रूप में दिए जाने वाले राशि को अपने पास रख लेते थे और दस्तावेज के रूप में दिखा देते थे। कंपनी के वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में इस बात का खुलासा होने पर कंपनी ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस द्वारा जांच उपरान्त पूर्व शाखा प्रमुख जांजगीर चांपा के पामगढ़ भुईगांव निवासी 27 वर्षीय अक्षय कुमार टंडन को वाड्रफनगर से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पूर्व सहायक शाखा प्रमुख लक्ष्मण यादव की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, मनीष सिंह इत्यादि सक्रिय रहे।

- आरोहरण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में रहते हुए किया गबन, दूसरे आरोपी की तलाश जारी

## खबर संक्षेप

### आदर्श आचार संहिता लगने के बाद 781 वारंट की तामीली

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में वारंट व समंस तामीली की कार्रवाई तेज कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक जिले में पुलिस विभाग द्वारा 781 समंस-वारंट तामील कराई गई है। बता दें कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर समंस, वारंट तामीली के लिए ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत 16 से 22 मार्च की स्थिति में कुल 781 समंस-वारंट की तामिली हुई है जिसमें समंस 405, जमानती वारंट 225, गिरफ्तारी वारंट 115 एवं स्थायी वारंट 36 तामील किए गए है। विगत दिवस जिला अंतर्गत थाना में 62 समंस एवं 26 जमानती वारंट की तामिली हुई है तथा थाना कोतवाली गिरफ्तारी वारंट 2, स्थायी वारंट 2, थाना गांधीनगर में गिरफ्तारी वारंट 2, थाना सीतापुर में गिरफ्तारी वारंट 2, स्थायी वारंट 1, थाना बतौली से गिरफ्तारी वारंट 1, थाना कमलेश्वरपुर से गिरफ्तारी वारंट 1, थाना धौरपुर गिरफ्तारी वारंट 2, थाना अजाक से गिरफ्तारी वारंट 1 तामील कराया गया।

### प्रसूता व नवजात को सुरक्षित पहुंचाया अस्पताल, एसपी ने किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** डायल 112 में प्रसव उपरांत प्रसूता व नवजात को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाने वाले आरक्षक व वाहन चालक को एसपी ने सम्मानित किया हैं। बताया जा रहा है कि 21 फरवरी को लखनपुर अंतर्गत ग्राम चांदी सुंदरपुर क्षेत्र से महिला को प्रसव पीड़ा होने की जानकारी मिली थी। सूचना पर डायल 112 में पदस्थ आरक्षक अमित मझवार व चालक राकेश बड़ा गांव के लिए रवाना हुए। प्रसूता का घर मुख्य सड़क से 1 किमी अंदर था ऐसे में पगडंडी के रास्ते वाहन चालक पुलिसकर्मी व चालक गांव पहुंचे और प्रसूता को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए। इस दौरान रास्ते में ही प्रसूता को प्रसव हो गया जिसके बाद सावधानीपूर्वक नवजात व प्रसूता को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरक्षक व चालक के सराहनीय कार्य पर एसपी विजय अग्रवाल ने आज उन्हें सम्मानित करने के साथ ही इसी तरह जिम्मेदारी से कर्तव्य निभाने की सलाह दी।

### कलयुगी पुत्र ने मां को उतारा मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** बीच बचाव कर रही मां को पुत्र ने डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम आरा दर्रीपारा निवासी राम प्रताप टोप्पो 14 मार्च की रात किसी बात को लेकर पत्नी सविना टोप्पो के साथ विवाद करते हुए मारपीट कर रहा था। बहू के साथ मारपीट करने पर मां मोतो बाई उर्फ मतो (80 वर्ष) बीच बचाव करने लगी। मां के बीच बचाव करने से नाराज हुए पुत्र राम प्रताप टोप्पों ने डंडे से मां पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज दोपहर मौत हो गई।



रमज़ान मुबारक
तेरहवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.14 बजे
कल की सेहरी - 4.32 बजे

**पूर्व में भी घर से 6 लाख के जेवर की हुई थी चोरी**

# दुकान से 17 लाख की चोरी, सीसी टीवी कैमरे में कैद हुई घटना



दुकान में बिखरे सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

अम्बिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 किनारे कुंवरपुर में संचालित जय बजरंग ट्रेडर्स में 17 लाख रूपए की चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच प्रारम्भ कर दी है। जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 130 किनारे कुंवरपुर में संचालित जय बजरंग ट्रेडर्स के संचालक अमन तायल प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह 9 बजे दुकान खोले तो पीछे के दरवाजे का ताला टूटा था तथा दुकान के सामान बिखरे पड़े थे। लकड़ी की तिजोरी में रखे 17 लाख रूपए को भी चोरों ने पार कर दिया था। दुकान संचालक ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी सूचना पर दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी मनोज प्रजापति ने दुकान का निरीक्षण किया घटना की जानकारी लेने सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। गौरतलब है कि व्यवसायी एवं कांग्रेस नेता दिनेश तायल के घर से विधानसभा चुनाव के दौरान 6 लाख रूपए की जेवरात की चोरी हुई थी। श्री तायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की थी लेकिन मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई के अभाव में क्षेत्र में लगातार चोरी के मामले सामने आ रहे हैं।

# 18 हजार की अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की पुलिस द्वारा अंतरराज्जीय सीमा सहित जिले के सभी बार्डर में 24 घंटे लगातार कड़ी चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है तथा सजगता बरती जा रही है।

इसी क्रम में आज चौकी खड़गवा के चेकपोस्ट में वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉपियों वाहन की चेकिंग के दौरान 18 हजार कीमत की अंग्रेजी शराब बरामद किया। मामले में वाहन चालक आरोपी आईएपम आ.सेतु (27 वर्ष) निवासी परजी पेटई तमिलनाडु, हाल मुकाम चेन्नई राधा कंपनी जगरनाथपुर महान-2 खदान के विरूद्व धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर अंग्रेजी शराब व परिवहन में प्रयुक्त स्कॉपियों वाहन क्रमांक सीजी 15 ईए 3128 को जब्त कर गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक मनोज राय, राकेश सिदार, भगत सिंह व सैनिक विकास गुप्ता सक्रिय रहे।

### ग्राम रघुपुर से 50 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**धौरपुर।** अचार संहिता लगने के बाद सक्रिय पुलिस ने ग्राम रघुपुर से 50 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त करने में सफलता पाई है। पुलिस लगातार नशीले पदार्थ के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार की रात ग्राम रघुपुर टांगरपानी निवासी संजय यादव पिता रामलाल यादव (24वर्ष) के घर दबिश देकर महुआ शराब की बिक्री करते रंगे हाथ पकाड़ा। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से शराब का अवैध धंधा कर रहा था। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पुलिस भी कभी कभार ही मोहल्ले तक पहुंच पाती थी। चुनाव आचार सहिंता लगने के बाद पुलिस रात्रि गश्त के साथ ही लगातार सभी गांव-मोहल्लों का दौरा कर रही है। इस दौरान पुलिस टीम ने यादव से 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद कर उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कैलाश मिर्रे एएसआई देवनारायण यादव, आरक्षक सचिन शामिल थे।

# राइस मिल में लगी आग, बारदानों को नुकसान

**अंबिकापुर।** शनिवार को शहर से लगे ग्राम भिट्ठीकला स्थित राइस मिल में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम द्वारा समय रहते आग पर काबू पाया गया। इस घटना में बड़ी संख्या में बारदाने जलकर खाक हो गए जबकि धान को नुकसान होने से पहले ही आग बुझा लिया गया। शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर रोड में भिट्ठी कला में बीएम फूड के नाम से राइस मिल संचालित है। आज सुबह लगभग साढ़े नौ बजे राइस मिल में लगे बारदानों में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आगजनी के घटना की जानकारी 9.52 बजे दमकल की टीम को दी गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हुई और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल की तीन वाहन की टीम जिला अग्निशमन अधिकारी एसके कठुतिया, स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी के नेतृत्व में आग बुझाने के कार्य में लगी रही। तीन दमकल वाहनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि आग के धान के ढेर तक पहुंचने से पहले ही काबू पा लिया गया। इस घटना में बड़ी संख्या में बारदाना बर्बाद होने की बात कही जा रही है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है लेकिन शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना जताई जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि बारदाना शेड के समीप ही वेल्डिंग का काम चल रहा था और संभावना है कि चिंगारी बारदाने तक पहुंच गई होगी। आज आग बुझाने की कार्रवाई के दौरान दमकल की टीम से फायर मैन शंकर लाल, राजू गोस्वामी, गुलशन तिवारी, दीपक विश्वकर्मा, सोबरन दास, विजय यादव, बीजू नायर, संतु राम, सैनिक जुवेल सक्रिय रहे।

- दमकल की टीम ने समय रहते पाया काबू



## 400 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात, महिला टीम का भी गठन

# होली में हुड़दंग करने वालों पर होगी बाज पार्टी की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली के दौरान शहर में हुड़दंग करने वालों पर इस बार सरगुजा पुलिस की पैनी नजर होगी और उत्पात मचाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आदर्श आचार संहिता व होली के मद्देनजर जिले में 400 से अधिक पुलिस बल व 80 अधिकारियों को तैनात किया गया।

हुड़दंगियों पर कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा बाज पार्टी का गठन किया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार जिले में अपराधी किस्म के लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस बीच होली का त्यौहार जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए एसपी विजय अग्रवाल द्वारा बाज पार्टी का गठन किया गया है। इस पार्टी में पांच राजपत्रित अधिकारी, 75 अराजपत्रित अधिकारियों व 400 पुलिस जवानों को शामिल किया गया है जो शहर व जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर मुस्तैद रहेंगे। टीम में एएसपी, सीएसपी के नेतृत्व में 3 एसडीओपी, 18 निरीक्षक, 19 उपनिरीक्षक, 41 सहायक उपनिरीक्षक, 65 प्रधान आरक्षक, 11 पुलिस कार्यालय बल, 4 महिला प्रधान आरक्षक, 334 आरक्षक, 17 महिला आरक्षक एवं 53 नगर सैनिक का बल तैनात किये जा रहे हैं। जिले में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर विशेष नजर रहेगी, इसके अलावा सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से भी लोगों पर नजर रखी जाएगी। होली त्यौहार के अवसर पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल मौजूद रहेगी, एवं शहर के आंतरिक एवं बाहरी क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर असमाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगी। खासकर शराब पीकर हुड़दंगबाजी करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। महिला पेट्रोलिंग का गठन किया गया है जो प्रत्येक थाना क्षेत्र में महिला संबंधी शिकायतों पर नजर रखेगी। उपद्रवी तत्वों से निपटने के लिए बाज पार्टी का गठन किया गया है जो अंदर की गलियों में भ्रमण करेगी तथा सुनिश्चित करेगी की कोई भी उत्पात करता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। वहीं पुलिस के कंट्रोल रूम, थाना प्रभारियों के नंबर पर भी उत्पात मचाने वालों की सूचना दी जा सकती है।



# एनएच 43 पर बाइक व स्कूटी में भिड़ंत, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

एनएच 43 पर शनिवार की सुबह स्कूटी व बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों उप उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद एक घंटे तक एनएच पर आवागमन प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम व पुलिस अधिकारियों द्वारा घायलों को डायल 112 की मदद से अस्पताल भेजा गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के पंडरापाट अंतर्गत ग्राम गेरसा निवासी 25 वर्षीय देवधारी नगेसिया अपने साले 18 वर्षीय प्रभु व 40 वर्षीया सूरजो बाई के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बतौली क्षेत्र में आया हुआ था और आज सुबह तीनो बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान बतौली पहुंचने से पहले पुल पर तेज रफ्तार बाइक अचानक उछल गई और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार बाइक उछलने के बाद सामने से आ रहे स्कूटी सवार 50 वर्षीय मनोज गुप्त व 48 वर्षीय मनोज गुप्ता आ. स्व. पारस नाथ गुप्ता से जा टकराई। टक्कर के बाद स्कूटी व बाइक सवार सड़क पर गिर गए और घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण देवधारी नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रभु नगेसिया के सिर पर भी गंभीर चोट आई है। घटना में सुराजो, मनोज गुप्त व मनोज गुप्ता को हाथ पैर में चोट आई। घटना के बाद सीतापुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे एसडीएम रवि रही ने घटनास्थल पर पहुंचे और बीएमओ को फोन कर एम्बुलेंस के लिए सूचना दी लेकिन एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाया। इस दौरान डायल 112 की टीम द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने देवधारी नगेशिया को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद एनएच 43 पर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन प्रारम्भ कराया गया। इस दौरान लगभग एक घंटे एनएच जाम रहा।

- दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार, बतौली से पहले हुई घटना

### एक घंटे बाद शुरू हो सका उपचार

दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने में एक घंटे का समय लग गया। वहीं बताया जा रहा है कि अस्पताल में घायल प्रभु व अन्य घायलों को अस्पताल पहुंचने पर भी बेड में लिटाकर छोड़ दिया गया। गंभीर रूप से घायल मरीजों को प्रारंभिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। इधर मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सिलफिली में एक अप्रैल को लगेगा खाटू श्याम का भव्य दरबार

**बिश्रामपुर/मदनपुर।** श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली द्वारा आगामी एक अप्रैल को हाई स्कुल ग्राउंड मे तृतीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष



शुभम अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा विगत दो वर्षों से खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी एक अप्रैल को कलकत्ता के मशहूर भजन प्रवाहक सौरभ शर्मा, विवेक शर्मा और दिल्ली से संध्या तोमर के द्वारा संध्या 6 बजे से भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। इस कीर्तन संध्या में सूरजपुर से पप्पू महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के पूर्व श्याम नाम की निशान यात्रा का भ्रमण सिलफिली में होगा। इस भव्य कीर्तन संध्या में कलकत्ता के कारीगरों द्वारा दरबार का कार्य किया जा रहा है। दरबार में लगने वाले फूल और बाबा श्याम के सिंगार में लगने वाले फूल कोलकाता से मंगाए जा रहे हैं। संपूर्ण कीर्तन क्षेत्र को भव्य बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी जोर-शोर से लगे हुए हैं। इस कीर्तन संध्या को सफल बनाने में समिति के शुभम अग्रवाल, धीरज विश्वास, शुभम गोयल, अमन अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, कृष्ण गुप्ता, राजकुमार बैरागी, अभिषेक पाठक, धीरज अग्रवाल व अन्य सक्रिय हैं।

### स्कूलों में होली की धूम, बच्चों ने एक दूसरे को लगाया अबीर



**रामानुजनगर।** होली त्योहार को एक दिन शेष है। ऐसे में माध्यमिक शाला पतरापाली में होली के अनोखे रंग देखने को मिल रहे हैं। स्कूलों में होली की छुट्टियां 25 मार्च से है। स्कूल बंद होने से पहले शनिवार को बच्चों ने स्कूलों में धूमधाम से होली मनाई। स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों के लिए होली का खास आयोजन किया गया था। होली त्योहार को लेकर बच्चों काफी उत्साह देखने को मिला और बच्चों ने बढ़ चढ़कर त्योहार का आनंद लिया। शिक्षकों को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। बच्चों ने इस दौरान होली के गीतों पर जमकर डांस किया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। त्योहार के मौके पर टीचर भी बच्चों के साथ बच्चे बन गए। उन्होंने भी बच्चों को अबीर गुलाल लगाया, रंग गुलाल लगाकर शिक्षकों ने बच्चों को आपसी भाईचारे का संदेश दिया। होली महोत्सव के दौरान स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को होलिका दहन का महत्व बताया और उन्हें त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की सलाह दी। बच्चों ने शिक्षकों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। माध्यमिक शाला पतरापाली में होली के विशेष अवसर पर विद्यालय की भृत्य सरिता सिंह द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें 70 बच्चों के लिए पूरी और सब्जी का वितरण किया गया। इस दौरान जेडी सिंह, बीआर हितकर, रागिनी पैकरा, महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, कृष्ण यादव, सविता साहू, रघुनाथ जायसवाल, सरिता सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थिति थे।

### चिकित्सक व स्टाफ की आपात कालीन कक्ष में लगाई गई है विशेष ड्यूटी

# होली त्यौहार को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली त्यौहार के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन द्वारा गंभीर मरीजों के इलाज हेतु विशेष व्यवस्था की है। सड़क दुर्घटना व अत्यधिक शराब पीने सहित अन्य घटनाओं में गंभीर हुए मरीजों को तत्काल उपचार हो सके इसके लिए आपातकालीन कक्ष में चिकित्सक समेत विशेष स्टाफ की तैनाती की गई। आपातकालीन कक्ष में अलग-अलग शिफ्ट में चिकित्सक व स्टाफ 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

**खास बात**
- 24 घंटे होंगे तैनात, आपातकालीन परिस्थिति के लिए बनाए गए है अलग वार्ड

रंगों का त्योहार होली सोमवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। होली पर्व होलिका दहन के साथ ही शुरू हो जाती है। ऐसे में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवक शराब पीकर वाहन चलाते है जिससे कई लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र से बड़ी संख्या में दुर्घटना से घायल हुए लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जाता है। एक साथ कई मरीजों के पहुंच जाने पर चिकित्सकों सहित स्टाफ की परेशानी काफी बढ़ जाती है। इस तरह की स्थिति अमूमन होलिका दहन की रात से ही निर्मित होती है जो होली त्यौहार के अलावा दूसरे दिन भी इस इस तरह की स्थित बनी रहती है। होलिका दहन के दिन अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं होती है जबकि होली के दिन दोपहर बाद से अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हुए लोग अस्पताल पहुंचते है। मरीजों को किसी प्रकार की परेशान न हो इसके मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा पहले से ही चिकित्सक व स्टाफ की ड्यूटी आपातकालीन कक्ष में लगा दी है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर आपातकालीन कक्ष में स्टाफ की तैनाती की गई है जो अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।



आपतकालीन कक्ष।

**बनाए गए हैं अलग वार्ड**

होली त्यौहार के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अत्यधिक शराब पीने तथा सड़क दुर्घटना में गंभीर मरीजों के लिए अलग वार्ड की व्यवस्था की गई है। सामान्य मरीजों का उपचार आपातकालीन कक्ष में किया जाएगा जबकि गंभीर मरीजों को अलग बनाए गए आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर उपचार की जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है तथा वार्ड में चिकित्सक व स्टाफ की व्यवस्था की गई है।

**वाहन व एंबुलेंस की गई व्यवस्था**

आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक व स्टाफ की विशेष व्यवस्था की गई है। स्टाफ को आने जाने के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अलग से वाहन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मरीजों को लाने तथा घर पहुंचाने के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। दोनो वाहन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैनात रहेंगे।

**लगाई गई है इयूटी**

अस्पताल में चिकित्सक की कमी नहीं है। होली के मद्देनजर पूर्व की भांति चिकित्सक व स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को लेकर अलग से आईसोलेशन वार्ड का आरक्षित किया गया है। जहां गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार की जाएगी। चिकित्सक स्टाफ अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे इसके लिए लिस्ट तैयार कर ली गई है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मायके पक्ष के लोगों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बयान दर्ज कराती मृतिका की मां, इनसेट में मृतिका।

दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित करने से परेशान विवाहिता ने फांसी लगा ली। पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीएम के बाद ससुराल पक्ष शव लिए बिना ही चले गए जिस पर मायके पक्ष के लोग शव को लेकर गए।

जानकारी के अनुसार गोधनपुर वाटर पार्क समीप निवासी सिमरन जीत कौर पति सुमित सिंह (21 वर्ष) बीती रात घर के दूसरे कमरे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी लगते ही परिजन विवाहिता को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन कक्ष लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका के पति सुमित सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि साल 2019 जून माह में विश्रामपुर निवासी सिमरनजीत कौर से रीति रिवाज के साथ शादी हुआ। शादी के बाद दोनों अच्छे से रहते थे। कभी कभार शराब पीने पर पत्नी एतराज करती थी। बीती रात भी शराब पीकर घर आया तो पत्नी विवाद करने लगी और कमरे में जाकर फांसी लगाने लगी। किसी तरह उसके फांसी लगाने से रोका। देर रात लगभग 2 बजे घर के ऊपर कमरे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा ली। उसे तत्काल फांसी से उतार संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन कक्ष लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतिका की मां हरजीत कौर ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के दूसरे दिन से पति व उसकी सास दहेज की बात को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शादी के दूसरे दिन भोजन के लिए अपने घर बुलाया जहां सास ने कहा कि आज भिखारी भी दहेज देते है लेकिन मायके से कोई दहेज नहीं मिला है। आए दिन सिमरनजीत कौर को पति सहित सास दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे जिससे परेशान होकर बीती रात फांसी लगा ली। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात ससुराल पक्ष के लोगों के शव नहीं ले जाने पर मायके पक्ष के सुपुर कर दिया है।

## प्रधानमंत्री ने गरीबों के उत्थान के लिए काम किया : नेताम

रामानुजगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के उत्थान और देश के स्वाभिमान के लिए काम किया है। यही वजह है कि अंत्योदय योजना को अपने कार्य योजना में शामिल किया। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख गरीबों का घर बनना प्रारंभ हो गया। किसान हित में 3100 में धान खरीदी सहित 72 लाख महिलाओं के खाते में पैसे डाले गए। छत्तीसगढ़ सरकार बनते ही 100 दिन के अंदर मुख्यमंत्री ने लागू किया जो काम कांग्रेस शासन काल में पूरे 5 वर्षों में नहीं हो पाया उक्त बातें कृषि मंत्री रामविचार ने होली मिलन कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुशासनात्मक पार्टी है हमारे कार्यकर्ताओं को संगठन पर विश्वास है। भाजपा शासन काल में काम की कमी नहीं होगी काम इतना होगा कि प्रदेश जिला और गांव का नक्शा बदल जाएगा। होली मिलन के दौरान भाजपा नेता अनूप तिवारी, मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता, धीरज सिंहदेव, जेपी गुप्ता, शैलेश गुप्ता, बी लाल गुप्ता, अरुण केसरी, श्रीमती तारावती सिंह, श्रीमती चंद्रा सिंह, ललन यादव, अजय यादव, अजय गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## पति की गिरफ्तारी का विरोध करने पर महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुलिस की कार्रवाई के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने के साथ ही पुलिस से हुज्जतबाजी करने के मामले में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है जबकि पति को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। महिला नशे का कारोबार करने वाले आरोपी पति के गिरफ्तारी का विरोध कर रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मार्च को पुलिस घुटरापारा चौक खैरबार निवासी 40 वर्षीय मनोज सोनी को मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पकड़ने गई हुई थी। इस दौरान युवक की पत्नी आरती सोनी ने पुलिस की कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करते हुए पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी की और उनके साथ जमकर गाली गलौज की। महिला ने पति की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए पुलिस के साथ धक्का मुक्की की। ऐसे में महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव की शिकायत पर कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 186, 353 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्करी की सूचना पर खैरबार रोड निवासी मनोज सोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 170 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी 40 वर्षीय मनोज सोनी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### विद्यालयों में न्योता भोज पूरक पोषण आहार का शसक्त माध्यम : मनोज

**रामानुजनगर।** विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में दानदाता अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं शाला प्रबंध समिति द्वारा पौष्टिक भोजन सामग्री प्रदान करके छात्रों के मध्य न्योता भोजन का आयोजन कर रहे है। न्योता भोज छात्रों के लिए पूरक पोषण आहार का सशक्त माध्यम है। रामानुजनगर के एबीईओ मनोज कुमार साहू ने बताया कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं बीईओ पंडित भारद्वाज के मार्गदर्शन में संस्थागत एवं व्यक्तिगत रूप से बड़ी संख्या में न्योता भोज का आयोजन हो रहा है। आज प्राथमिक शाला केशवपुर में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर एसके त्रिपाठी ने छात्रों को पूड़ी ,सब्जी, खीर, पापड एवं सलाद प्रदान करके न्योता भोजन की व्यवस्था किया। इस दौरान यादवेंद्र दुबे, मनोज कुमार साहू, विजय सिंह, अमिताभ शर्मा, शिवेंदु पांडे, अभिषेक उपाध्याय, रागिनी शुक्ला, पुनीत उपाध्याय, सुरेश सिंह, उरांव ठाकुर पैकरा, उज्ज्वल प्रताप सिंह, सुभा साहू उपस्थित थे। इसी प्रकार माध्यमिक शाला बरबसपुर के शिक्षक एवं प्रधान पाठकों ने 120 छात्रों को पनीर,पूड़ी, सलाद देकर सरपंच श्रीमती झमरु बाई, कात्यायनी विशेन, ज्योति मनी खाखा, अंजना तिर्की, सुनीता



कुजूर, मीणा, तेजमनी की उपस्थिति में न्योता भोजन कराया गया। प्राथमिक शाला उरांवपारा देवनगर के शिक्षक मुकेश चंद्राकर ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर ग्राम पंचायत के पंच एवं सीएसी रवि शंकर पांडे की उपस्थिति में न्योता भोज का आयोजन किया। माध्यमिक शाला देवनगर के शिक्षक अनूप कुजूर ने अपने जन्मदिन पर 214 बच्चों को न्योता भोजन का आयोजन शिक्षक ब्रत सिंह, श्रीमती सुषमा टोप्पो, गुलाब सिंह, अघ्नूराम कच्छप, अशोक कुमार साहू, नेहा साहू के उपस्थिति में किया। इसके अलावा विकासखंड के अन्य संकुल केंद्र में भी न्योता भोज का आयोजन किया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं संतोष मांझी आ. श्री कार्तिक मांझी, निवासी गहनाझरिया, पो. गहराझरिया, तहसील लैलूंगा, जिला रायगढ़ छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे द्वारा एलआईसी पालिसी क्रमांक 208066372 लिया गया है, जिसमें मेरा नाम संतोष कुमार दर्ज हो गया है, जिसमें मेरा पता-ग्राम इला, पो. किलकिला, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर दर्ज है। चूंकि मेरा सही नाम-संतोष मांझी है जो मेरे बैंक पासबुक व अन्य प्रपत्रों में दर्ज होता आ रहा है, चूंकि संतोष मांझी एवं संतोष कुमार दोनों नाम मेरा स्वतः का अपना नाम है जो सही है। मेरा पूर्व पता के स्थान पर मेरा वर्तमान पता-गहनाझरिया पो. गहनाझरिया तहसील लैलूंगा, जिला रायगढ़ दर्ज कराना चाहता हू। मेरे उक्त पालिसी प्रपत्रों में मेरा सही नाम संतोष मांझी एवं मेरा वर्तमान पता-ग्राम गहनाझरिया पो. गहनाझरिया तहसील लैलूंगा, जिला रायगढ़ दर्ज कराए जाए।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
संतोष मांझी
आ. श्री कार्तिक मांझी
निवासी गहनाझरिया, पो. गहराझरिया, तहसील लैलूंगा, जिला रायगढ़ छ.ग.















## होली पर्व शांति पूर्ण मनाने बिश्रामपुर व करंजी में हुई बैठक

**बिश्रामपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देश पर बिश्रामपुर व करंजी पुलिस द्वारा होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बिश्रामपुर थाना में हुई बैठक में टीआई अलरिक लकड़ा ने उपस्थित जन को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आपसी भाई चारे के साथ शांति पूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की समझाइश दी। उन्होंने उपस्थितजन से होलिका दहन व होली के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए पुलिस मुस्तैदी की बात कही। उपस्थित जन द्वारा यहां पर पुलिस को कुछ सुझाव भी दिए गए और संदिग्ध परिस्थितियों की जानकारी से अवगत कराया गया और कार्यवाही की मांग की गई। साथ ही अंबेडकर चौक के पास स्थित अघोषित ट्रांसपोर्टनगर के भी व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव, शिवनंदनपुर सरपंच विमला देवी, अशोक गुप्ता, नरेंद्र जैन, दीपेंद्र सिंह चौहान, वेद प्रकाश मिश्र, धर्मेंद्र सिंह डीके, पार्षद संजीत यादव, वार्ड पंच रामलाल सोनी, शाहरुख व अन्य उपस्थित थे। इसी तरह



पुलिस चौकी करंजी में भी शांति समिति की बैठक ली गई। यहां पर चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता ने लोगों को आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामवासियों को शांतिपूर्ण ढंग से होली, रमजान, गुड फ्राइडे त्यौहार मनाने की समझाइश दिया। चौकी प्रभारी ने उपस्थितजन से आपसी भाई चारे के साथ त्यौहार मनाए जाने का आह्वान करते हुए पुलिस को शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामानंद जायसवाल, सरपंच बाबी सिंह, छक्केलाल सिंह, रामसाय व अन्य उपस्थित थे।

### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**कुसमी।** थाना परिसर में तहसीलदार शशिकांत दुबे, एसडीओ एमानुएल लकड़ा, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल की उपस्थित में नगर पंचायत के लोगों की उपस्थिति में होली के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में होली त्यौहार सहित मुस्लिम समाज के रमजान पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी के सहयोग से नगर पंचायत सहित ग्रामीण इलाकों में होलिका दहन के साथ होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने की बात कही। सभी समुदाय के लोगों ने शांति तरीके से होली के त्यौहार मनाने हेतु सहमति जताई गई। बैठक के दौरान उमेश्वर ओझा, शिव नंदन गुप्ता, हरीश मिश्रा, राकेश भारती, मो. समीम, प्रीतम गुप्ता, संजय जायसवाल, शोभनाथ भगत, प्रदीप गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, सेराजुल अंसारी, आजाद खान, हरेंद्र पैकरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## 3 गाड़ियों से 11.54 लाख नकद जब्त

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लागू आचार संहिता के बीच रायगढ़ जिले में एसडीओपी खरसिया, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल एवं उनकी टीम द्वारा वाहनों की जांच के दौरान करीब 11 लाख 54 हजार रुपए धनराशि जप्त की गई है। एसडीओपी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल से प्राप्त जानकारी अनुसार जांच के दौरान 3 अलग-अलग वाहनों से ये धनराशि जप्त की गई है। इसमें एक गाड़ी से 5 लाख रुपए, अन्य दूसरी गाड़ी से 3 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए गए। वहीं एक अन्य गाड़ी से 3 लाख 4 हजार 693 रुपए मिले। वाहन चालकों से जब धनराशि के बारे में जानकारी मांगी गई तो वे इसके संबंध में कोई दस्तावेज या जानकारी प्रस्तुत नही कर सके। जिसके पश्चात पुलिस टीम के द्वारा राशि को जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से जिले में चौकसी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी इंफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हुए हैं।

























23Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 3/23/2024 9:18 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद-होम्योपैथी डाक्टरों की बैठक

**एमसीबी।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने जिले के समस्त आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें कोरिया जिले के आयुर्वेद डॉ.एएन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विभागवार सेटअप की जानकारी प्रस्तुत करने कहा। इसमें सेटअप अनुसार कितने पद भरे हैं तथा कितने पद खाली है की एक संकलित जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त डॉक्टरों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने दो या तीन माह में एक बार समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. एएन सिंह, डॉ.पूर्णिमा सिंह, डॉ.शंभू प्रसाद केसरवानी, डॉ.संदीप सिंह चंदेल, डॉ. स्नेहलता सोनकर, डॉ. ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, डॉ. भुपाल प्रसाद, डॉ. रितेश कौशले, डॉ. गितेश कुमार, डॉ. अवनिन्द्र त्रिगुणायत, डॉ. शिवपाल सिंह, डॉ.यशपाल सिंह, डॉ.राजेश सिंह यादव, डॉ. अरविंद कुमार पटेल, डॉ. राम किशोर शर्मा, डॉ.विशाल कुमार अहिरवार, डॉ.अर्चना वर्मा, डॉ.अजय कुमार गुप्ता, डॉ. राजकुमार साकेत, डॉ. प्रभाकर तिवारी उपस्थित रहे।

### सीनियर टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप स्पर्धा

**मनेन्द्रगढ़।** छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 18 मार्च से प्रारंभ किया गया। जिला क्रिकेट संघ कोरिया के सचिव आशीष अग्रवाल ने बताया कि कोरिया टीम ने अपना पहला मैच 18 मार्च को रायपुर के आरडीसीए मैदान में रायगढ़ टीम के मध्य खेलने उतरी। रायगढ़ 20 ओवर में 167 रन व 6 विकेट पर आउट हो गई, जिसके जवाब में कोरिया टीम के कप्तान अमित यादव के (62 रनों 31 बॉल) की आतिशी बल्लेबाजी एवं वैभव बघेल (30 रनों 25 बॉल), आकाश शर्मा (20 रनों 7 बॉल) के सहयोग से 3 विकटों से अपना पहला मैच जीता।

### शहर में जगह-जगह तैयार किए गए हैं होलिका

# होलिका दहन आज, कल उड़ेंगे रंग-गुलाल



बैकुंठपुर में तैयार होली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- अलग-अलग जगहों पर तैयार की गई होलिका
- 24 को 11 बजे भद्राकाल समाप्ति के बाद होगा होलिका दहन

प्रेम भाईचारे का प्रतीक रंगों का पर्व होली 25 मार्च को जिलेभर में उल्लास के साथ मनाया जाएगा और इसके पूर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन एक दिन पूर्व 24 मार्च को किया जाएगा, इसके लिए कई दिन पूर्व से तैयारियां शुरू हो जाती है। रंगों का पर्व होली के एक दिन पूर्व होलिका दहन को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहता है और बच्चे कई दिन पूर्व से ही लकिड़यां एकत्र करना शुरू कर देते हैं और झाड़ियों को काटकर होलिका तैयार करते हैं। शहर के कई क्षेत्रों में बच्चों के द्वारा होलिका तैयार की जा रही है।

इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी उल्लास के साथ होलिका दहन किया जाता है और इसके लिए पहले से ही लकिड़यां एकत्र करने का काम शुरू कर दिया जाता है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कई मोहल्लों में उत्साही बच्चों के द्वारा होलिका तैयार की जा रही है। 24 मार्च को जगह-जगह उल्लास के साथ होलिका दहन किया जाएगा। मान्यता है कि विष्णु भक्त प्रहलाद राक्षक कुल में जन्म लिए थे, लेकिन वे विष्णु के अन्य भक्त थे, जिससे कि प्रहलाद के पिता नाराज रहते थे। वहीं होलिका को वरदान मिला था कि वह आग में नहीं जलेगी, तब प्रहलाद के पिता के द्वारा होलिका को आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में लेकर आग में बैठे, ऐसा जब हुआ तो प्रहलाद का बाल बांका नहीं हुआ और होलिका जलकर भस्म हो गई। तब से होलिका दहन किया जाता है, जो यह संदेश देता है कि अच्छे कार्य करने वालों को कुछ भी नहीं बिगड़ता, इसे लेकर ही होली के एक दिन पूर्व प्रतिवर्ष होलिका दहन की जाती है, इसके लिए बच्चों के द्वारा तैयारियां की जा रही है साथ ही इसके लिए मोहल्ले में चंदा भी एकत्र किया जाता है। आगामी 24 मार्च को शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ होलिका का पूजा-अर्चना करने के बाद होलिका का दहन किया जाएगा, इसके लिए बच्चों के द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। होलिका दहन के दूसरे दिन 25 मार्च को रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार होलिका दहन के दिन पूर्णिमा तिथि पड़ रही है । इसे लेकर किसी प्रकार का असमंजस नहीं है, लेकिन इसके साथ ही होलिका दहन के दिन भद्रा का साया लग रहा है।

# आज जलेगी अधर्म की होलिका, कल उड़ेगा अबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

गांधी पार्क में रविवार को सार्वजनिक होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। 24 मार्च को रात्रि 10:45 बजे होलिका दहन होगा। राजस्थान नवयुवक मंडल व हरियाणा नागरिक संघ मनेन्द्रगढ़ द्वारा बीते कई वर्षों यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। होलिका दहन का पर्व रविवार को मनाया जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलिका दहन के लिए भद्रामुक्त पूर्णिमा तिथि जरूरी है। श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी कहते हैं कि फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, होलिका दहन के लिए भद्रामुक्त पूर्णिमा तिथि जरूरी है।

रासलीला के रचयिता भगवान कृष्ण की भक्ति में डूबी महिलाओं ने खूब ठूमके लगाए। शनिवार की शाम एक से बढ़कर एक भजनों की बोल पर महिलाओं ने दिल खोलकर नृत्य किया। 24 मार्च को पूर्णिमा तिथि का आरंभ सुबह 9 बजकर 56 मिनट से होगा और 25 तारीख में की सुबह 12 बजकर 30 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त हो जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्णिमा तिथि में भद्रा सहित समय में ही होलिका दहन किया जाता है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च और रंगोत्सव 25 मार्च को मनाया जाएगा।



### होलिका दहन की विधि

होलिका दहन के लिए लकड़ियों को इकट्ठा करें, इसके बाद कच्चा सूत से तीन या सात बार इनको लपेट लें, इसके बाद सभी लकड़ियों पर थोड़ा गंगाजल डालकर उन्हें शुद्ध कर लें, इसके बाद उन पर पानी, फूल और कुमकुम छिड़ककर उनकी पूजा करें। पूजा के लिए माला रोली, अक्षत, साबुत हल्दी, गुलाल, नारियल, बताशे-गुड़ का प्रयोग करें, इसके बाद होलिका की पूजा करें और फिर होलिका की कम से कम 5 या 7 परिक्रमा करें। इस बात का खास ख्याल रखें कि होलिका की पूजा करते समय आपका मुख पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए।

# बाजार में रही भीड़, बिके रंग-गुलाल

**बैकुण्ठपुर।** होली के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है, होली का पर्व 25 मार्च को जिलेभर में उल्लास के साथ मनाया जाएगा, इसके लिए एक-दो दिन पूर्व से शहर के बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है, लोग रंग गुलाल, पिचकारियां खरीदी करने के लिए जुट गए हैं। होली के पर्व को देखते हुए शहर के कई क्षेत्रों में रंगों का बाजार सज गया है, जहां शनिवार को कई लोग होली के लिए रंग अबीर की खरीदी करते नजर आए।

व्यापारियों के अनुसार होली पर्व को लेकर कई लोग कुछ दिन पूर्व खरीदी नहीं करते हैं, बल्कि एक दिन पूर्व ही सबसे अधिक खरीदी करते हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस वर्ष अच्छा व्यापार होगा। आज 24 मार्च को रंग गुलाल, पिचकारियों की खरीदी के लिए रंगों के बाजार में लोगों की जमकर भीड़ जुटेगी। 24 मार्च को शहर में साप्ताहिक बाजार भी लगती है, ऐसे में जिला मुख्यालय के लोगों के अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी खरीदी करने के लिए जुटेंगे, जिससे कि आज



दिनभर शहर में लगे रंगों का बाजार गुलजार रहेगा।

सुबह दुकान खुलने के साथ ही खरीदी शुरू हो जाएगी, जो शाम ढलने के बाद तक रंगों के बाजार में जमकर खरीददारी होने की उम्मीद है, इसके अलावा बाजार में अन्य सामानों की भी खरीदी लोगों द्वारा की जा रही है। विभिन्न तरह के मिष्ठानों की खरीदी भी लोगों द्वारा की जा रही है।

### हर्बल रंग गुलाल बाजार में

रंगों के पर्व को लेकर बाजार सजे हुए हैं। बाजार में तरह-तरह के रंग गुलाल विक्रय किए जा रहे हैं। इनमें कई तरह के रंगों में खतरनाक केमिकल मिले होते हैं तो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं, वहीं महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा होली के पर्व को लेकर हर्बल रंग गुलाल तैयार कर बाजार में विक्रय के लिए दुकानें लगाई हैं, जिसकी डिमांड जमकर हो रही है, कई लोग हर्बल रंग गुलाल की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### पिचकारी की कई वैराटियां

रंगों के बाजार में विभिन्न तरह के मुखौटे बिक रही है, इसके अलावा पिचकारियों की तरह-तरह की वैरायटिया बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं।

# शहर में फ्लैग मार्च शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शनिवार को जिला अंतर्गत कोरिया पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। होली, रमजान एवं गुड फ्राइडे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने कोरिया पुलिस जुटी हुई है।

23 मार्च को पुलिस ने जिले के प्रमुख शहरों बैकुंठपुर, पटना, चरचा एवं सोनहत में फ्लैग मार्च निकाला। इसके पूर्व रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जरुरी समझाईश देकर ब्रीफ किया, जहां कलेक्टर विनय लंगेह भी उपस्थित रहे। शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहारों को मनाने की मंशा से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला और असमाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। फ्लैग मार्च से पहले एसपी समेत जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में एकत्र हुए, इसके पश्चात बैकुंठपुर के प्रमुख स्थान फव्वारा चौक, एसईसीएल तिराहा, कुमार



चौक, बाजारपारा, महलपारा, चिरमिरी चौक, धौराटिकुरा होते हुए मेनरोड पहुंचे। फ्लैग मार्च मेनरोड से चरचा के लिए रवाना हुई, जहां चरचा मेन सिटी, मस्जिद चौक से होकर एसईसीएल रेस्ट हॉउस से वापस मेनरोड होते हुए पटना की ओर रवाना हुए, इसके पश्चात पटना में शहर भ्रमण करते हुए फ्लैग मार्च मस्जिद चौक तक गई, फिर वहां से राष्टीय राजमार्ग होते हुए भाड़ी के रास्ते वापस रक्षित केन्द्र में फ्लैग मार्च संपन्न हुई है, इसके अतिरिक्त थाना सोनहत क्षेत्र अंतर्गत उक्त फ्लैग मार्च में नायब तहसीलदार सोनहत परमानंद कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक नेल्सन कुजूर के नेतृत्व में सोनहत में फ्लैग मार्च निकाला गया।




## खबर संक्षेप

### पीएफ में गड़बड़ी सामने आने के बाद ठेकेदार को किया ब्लैकलिस्टेड

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में कार्यरत एक ठेकेदार के द्वारा ठेका कर्मियो के सीएमपीएफ की राशि जमा करने में कथित रूप से गड़बड़ी किए जाने का मामला सामने आने व कोलमाइंस भविष्य निधि संगठन द्वारा मामले की शिकायत एसईसीएल प्रबंधन से किए जाने के बाद कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल के निर्देश पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने संबंधित ठेकेदार के फर्म पवन पुत्र कंस्ट्रक्शन को आजीवन काल के लिए कंपनी के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बताया जाता है कि उक्त फर्म के प्रोपराइटर द्वारा ठेका मजदूरों के वेतन भुगतान के बाद उनके खाते में पी एफ की राशि जमा करने में कथित रूप से गड़बड़ी की गई थी,उक्त गड़बड़ी भविष्य निधि संगठन द्वारा पकड़ लिए जाने के बाद इस आशय की लिखित जानकारी एसईसीएल के प्रबंधन को दी गई व कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल के निर्देश पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने संबंधित ठेकेदार को आजीवन के लिए काली सूची में डाल दिया है।बताया गया कि दस मार्च को संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के बाद उसके द्वारा लिए टेंडर को भी प्रबंधन ने निरस्त कर दिया है।कार्य निरस्त किए जाने के बाद महाप्रबंधक कार्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था पिछले दस मार्च से प्रभावित हो गई है।बिश्रामपुर क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल थंगराज ने बताया कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के बाद साफ सफाई के लिए दूसरा टेंडर बुला लिया गया है आगामी सोमवार से ठेकेदार कार्य शुरू कर देगा जिसके बाद व्यवस्था सामान्य हो जाएगी।

### संजीवनी 108 एंबुलेंस को आग के हवाले करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सूरजपुर।** गैरेज में मरम्मत के लिए खड़ी एंबुलेंस को आग के हवाले करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी शाहनवाज आलम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके गैरेज चंदरपुर ढुंढरा के सामने बनने के लिए खड़ी 108 एम्बुलेंस में कोई अज्ञात व्यक्ति 17 फरवरी की रात 11 बजे आग लगा दिया है जिससे एम्बुलेंस जल गई है और काफी नुकसान हुआ है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर अज्ञात के विरूद्ध धारा 435 के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच कोतवाली पुलिस ने विवेचना के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर ग्राम देवनगर निवासी पल्लेदार तिलधारी उर्फ सोरी आ. मनबोध (45 वर्ष ) को को पकड़ा। पूछताछ पर उसने 108 एम्बुलेंस को आग लगाने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी द्वारा लोक संपत्ति को नुकसान करने पर लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह व अन्य पुलिस कर्मी सक्रिय रहे।

## यूटिलिटी बिल्डिंग मे चलेंगी फार्मेसी की कक्षाएं

# नए शिक्षा सत्र से भकुरा परिसर में संचालित होगा एसजीजीयू का प्रशासनिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विवि प्रबंधन ने प्रारम्भ की तैयारियां, आडिटोरियम भवन में लगेगा विवि कार्यालय

एसजीजीयू प्रबंधन ने एक बार फिर नए शिक्षा सत्र से विवि कार्यालय का संचालन अपने भकुरा परिसर से करने की योजना बनाई है। पूर्व की तरह यह निर्णय सिर्फ ख्यालों तक न सिमट जाए इसलिए प्रबंधन द्वारा इसकी तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। प्रबंधन ने आगामी जून महीने से विवि द्वारा प्रशासनिक भवन का संचालन भकुरा से करने के निर्णय में अब बदलाव होने की संभावना नहीं है। नए कुलसचिव डा.एसपी त्रिपाठी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के बाद वर्षों से निश्चेतन पड़े संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन में स्पंदन प्रारम्भ हो गया है। अपने दो दिन के कार्यकाल में ही डा.त्रिपाठी ने विवि की नब्ज को छूकर उसकी बीमारियों का पता लगा लिया तथा किसी को कुछ बताए बिना उसका इलाज भी शुरू कर दिया। पहले अपने-अपने चेंबर में बैठकर अपने ही हाथों अपनी पीठ थपथपाने में पूरे दिन व्यस्त रहने वाले अधिकारी अब अपने कमरे से बाहर निकलने लगे हैं। हर दिन के फाइलों का निराकरण भी तत्काल किया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रियता देख कोई भी निश्चेतन पड़ विवि कार्यालय का स्पंदन महसूस कर सकता है। इस दो दिन की अवधि में विवि प्रबंधन ने पिछले 16 वर्षों से संचालित जर्जर उधार के संकरे भवन से भकुरा परिसर स्थित आडिटोरियम भवन में प्रशासनिक भवन स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। राशि के अभाव में अभी तक विवि प्रशासनिक भवन सहित अन्य संस्थाओं का निर्माण अधूरा है। आडिटोरियम भवन का निर्माण पूरा हो गया है। वायरिंग एवं रंगाई-पोताई का कार्य शेष है जिसे एक पखवाड़े में पूरा कराने लोनिवि को कहा गया है। विवि का यूटिलिटी बिल्डिंग वर्षों पूर्व तैयार हो गया था। कुछ महीने भवन में फार्मेसी विभाग का संचालन करने के बाद भवन का उपयोग गोदाम के लिए किया जा रहा है। ऐसे में मामूली राशि खर्च कर विवि प्रशासनिक भवन को आसानी से भकुरा में शिफ्ट किया जा सकता है। अधिकारियों का भी मानना है कि जब तक भकुरा परिसर में कार्यालय शिफ्ट नही होगा न तो तेजी के से निर्माण कार्य होंगे न ही विकास के अन्य कार्य। ऐसे में लोकसभा चुनाव उपरांत प्रशासनिक भवन की शिफ्टिंग को विवि ने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।



### चल रहीं तैयारियां

*लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद प्रशासनिक भवन एवं फार्मेसी विभाग को भकुरा परिसर के नवनिर्मित भवन में करने का निर्णय लिया गया है। कुलपति के निर्देशन में इसकी तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। हर कार्य में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सभी चुनौतियों का मार्ग निकाला जाएगा।*

-डॉ.एसपी त्रिपाठी, कुल सचिव, एसजीजीयू

### यूटिलिटी भवन फिर होगा आबाद

विवि प्रबंधन ने भकुरा परिसर में वर्षों से अनुपयोगी पड़े यूटिलिटी भवन को फिर से आबाद करने का निर्णय लिया है। भवन में पूर्व की तरह फार्मेसी विभाग की कक्षाएं संचालित की जाएगी। इसमें सबसे बड़ी बाधा बच्चों एवं कर्मचारियों द्वारा लम्बी दूरी तय करने के लिए आवागमन के साधनों की कमी एवं सूनसान परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की है। परिसर में प्रशासनिक भवन शिफ्ट होने के बाद सुरक्षा की चिंता किसी को भी नहीं होगी क्योंकि सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहेंगे। विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सुचारू आवागमन के लिए विवि ने बस खरीदने का निर्णय लिया है तथा शासन को प्रस्ताव भेजा है।

### पानी की समस्या बड़ी चुनौती

भकुरा परिसर में सबसे बड़ी चुनौती पानी की कमी है। भवन निर्माण प्रारम्भ करने के पूर्व लोनिवि ने अलग-अलग स्थानों पर 7-8 ट्यूबवेल का खनन कराया लेकिन चार से पानी नहीं निकला। दो ट्यूबवेल से कम मात्रा में पानी निकलता है। लोनिवि ने पानी उपलब्ध कराने पीएचई को वर्ष 2019 में 30 लाख रूपए प्रदान किया था लेकिन राशि लेने के बाद पीएचई के अधिकारी परिसर में पानी उपलब्ध कराना भूल गए। पूर्व फार्मेसी के विद्यार्थी एवं कर्मचारी पास की ढोढ़ी के पानी से अपनी प्यास बुझाते थे। परिसर में सुचारू विद्युत आपूर्ति की भी समस्या है। भकुरा परिसर तक पूर्व में बनी सड़क जर्जर हो गई है। परिसर हाथियों के पारम्परिक मार्ग में शामिल है। बीच-बीच में यहां हाथियों का दल कई दिनों तक मौजूद रहा है।



# इप्टा ने प्रभात फेरी निकाल शहीदों को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 38 सालों से अनवरत चल रहा आयोजन

शहीद दिवस पर इप्टा ने देश की आजादी के लिए फांसी पर चढ़ने वाले वी शहीदों की स्मृति में प्रभात फेरी निकाली तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह 7 बजे गांधी चौक से अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू की तस्वीर के साथ प्रभात फेरी प्रारम्भ हुई तथा शहीदों का जयकारा लगाते हुए घड़ी चौक, संगम चौक का भ्रमण कर महामाया चौक पहुंची जहां शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सुरेन्द्र सोढ़ी ने कहा कि शहीदों ने समाजवादी व्यवस्था की कल्पना की थी। इस व्यवस्था में सभी के मिलजुलकर रहने, अमीरी-गरीबी का भेद खत्म होने एवं शोषण मुक्त समाज की कल्पना थी। हमारे संविधान की प्रस्तावना इसी का सार है। शहीदों की विरासत को आगे ले जाने का यही समय उचित है। इप्टा के अध्यक्ष अंजनी पाण्डेय ने कहा कि जो भूल जाने की कगार पर थे उन्हें याद रखना जरूरी है। उन्होंने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है गीत सुनाया। अंत में शहीदों को 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रवीण प्रताप सिंह, आशीष श्रीवास्तव, जावेद खान, वेदप्रकाश अग्रवाल, विजय गुप्ता, गोविन्द सिंह, अनिल द्ववेदी, चरनप्रीत सिंह, रविन्द्र स्वर्णकार, कृष्णानंद तिवारी, संजय मनवानी, प्रितलाल सिंह अरोरा सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बकरा चोरी के मामले में अपचारी सहित 4 आरोपियों पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बकरा चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक अपचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बकरा चोरी करने के लिए उपयोग की गई स्कार्पियों वाहन को जब्त किया। आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां अपराचारी को बाल सुधार गृह जबकि अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक भटगांव श्यामनगर निवासी सपुरन राजवाड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बकरा-बकरी को घास चराने के बाद घर के बाहर बांधकर रखा था। सुबह 10 बजे लोगों ने शोर मचाते हुए बताया कि बकरा को चोरी कर सफेद रंग के स्कार्पियों गाड़ी में लेकर भाग रहे है। इसी बीच सपुरन की पत्नी स्कार्पियों वाहन का नम्बर तथा चार लोगों द्वारा बकरा चोरी कर भागने की बात बताई। लोगों ने स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 4101 का पीछा कर पकड़ा गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने बकरा चोरी करने वाले आरोपी ग्राम करवा निवासी रहीम अंसारी आ. रहमदिल (19 वर्ष), महेशपुर निवासी तुलेश्वर यादव आ.आलम साय (19 वर्ष) व प्यारसाय यादव आ. सीताराम (19 वर्ष) के अलावा 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का बकरा व परिवहन में प्रयुक्त स्कॉपियों वाहन जप्त कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, हीरालाल बखला, रविनंद सिंह, आरक्षक संतोष जायसवाल, राधेश्याम साहू, विष्णुदत्त यादव सक्रिय रहे।



### शोकाकुल परिवारों से मिले मंत्री नेताम

**रामानुजगंज।** कृषि मंत्री रामविचार ने नगर के स्व.विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, स्व. लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, स्व. प्रेमलता देवी, स्व. संतोष सिंह के परिवारों से भेंट मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहां की भगवान मृत आत्मा जनों को अपने चरणों में स्थान दें और शांति प्रदान करें।



















